# आईसीएसआई ने जुलाई को विद्यार्थी माह के रुप में मनाया

नवज्योति/कोटा




विद्यार्थी माह के उपलक्ष्य में जुलाई 2017 के प्रथम दिवस को दि इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रटरीज ऑफ इण्डिया के कोटा चैप्टर के द्वारा वन महोत्सव के अवसर पर चैप्टर में पौधे लगाए गए। इस अवसर पर कोटा चैप्टर की ओर से सीएस के विद्यार्थियों एवं सीएस सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट केविद्यार्थियों एवं सीएस सदस्यों के द्वारा पौधे लगाए गए।

इस अवसर पर कोटा चैप्टर के सचिव सीएस राहुल जैन ने सीएस सदस्यो एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आज के समय में वृक्षों की महत्ता को बताया एवं कोटा चैप्टर के द्वारा विद्यार्थियों के लिये जुलाई माह को विद्यार्थी माह के रुप में मनाने की घोषणा की।

इस अवसर पर मुख्य रुप से राहुल जैन, सचिव, पूजा मंघनानी, कोषाध्यक्ष, सिमरनजीत कौर, निधी सिंह, प्रिया सतीजा, राजू कुमार, चैप्टर इंचार्ज उपस्थित थे। आईसीएसआई के अध्यक्ष सीएस (डॉ.) श्याम अग्रवाल ने बताया कि छात्रों के सम्पूर्ण विकास के लिये गैर-शैक्षणिक गतिविधयों अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इंस्टीट्यूट के द्वारा विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपने कर्तव्य को बढ़ावा देने के लिये प्रेरित किया जाता है।